साप्ताहिक वन लाइनर्स अपडेट

1 - 7 अप्रैल, 2018

Powered by :

gradeup

साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस
1-7 अप्रैल 2018

प्रिय पाठकों,
यह साप्ताहिक एक लाइनर अपडेट पहले **सप्ताह (1-7) अप्रैल 2018** में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है यह फ़ाइल **बैंकिंग साक्षात्कार** और आगामी बैंकिंग परीक्षा के लिए महत्वपूर्ण है।

बैंकिंग एवं वित्तीय जागरूकता

1. रक्षा विभाग के वेतन पैकेज पर भारतीय सेना और किस बैंक के बीच समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू) पर हस्ताक्षर किए गए ____ **एच.डी.एफ.सी बैंक।**

नोट:
- एम.ओ.यू सेवानिहित सैनिकों, पेंशनरों और परिवारों की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाया गया है।
- मौजूदा एम.ओ.यू के तहत अन्य लाभों के अलावा सेना कर्मियों को 30 लाख रुपये की मुफ्त व्यक्तिगत दुर्घटना मृत्यु सुरक्षा और मुफ्त स्थाई विकलांगता सुरक्षा मिलेगी।

2. वर्ष 2018-19 के लिए प्रथम द्वि-मासिक मौद्रिक नीति के अनुसार, वर्तमान रेपो रेट ____**6.0%।**

नोट:
- नीति में तरलता समायोजन सुविधा (एल.ए.एफ) के तहत रेपो रेट 6.0 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रही।
- एल.ए.एफ के तहत रिवर्स रेपो रेट 5.75 प्रतिशत बनी हुई है।
- सीमांत स्थायी सुविधा (एम.एस.एफ) दर और बैंक दर 6.25 प्रतिशत है।
- एम.पी.सी का निर्णय सामंजस्य में मौद्रिक नीति के तटस्थ रुख के संगत है।
- नकद आरक्षित अनुपात (सी.आर.आर) 4% पर अपरिवर्तित रहा।

3. भारतीय रिजर्व बैंक (आर.बी.आई) से अंतिम लाइसेंस प्राप्त करने के एक वर्ष बाद अपनी बैंकिंग परिचालन शुरू करने की घोषणा करने वाला बैंक ___ **जन स्माल फाइनेंस बैंक।**

नोट:
- प्रारंभ में, जन बैंक जून 2018 तक 25% बैंक रहित ग्रामीण शाखाओं सहित 18 राज्यों में 19 शाखाएं खोलेगी और 200 से अधिक बैंकिंग आउटलेट्स का विस्तार करेगी।
- जन बैंक अपनी अधिकांश एम.एफ.आई शाखाओं को पूर्ण बैंक शाखाओं में परिवर्तित करेगी।
- वर्ष 2019 के अंत तक इसके 500 से अधिक बैंकिंग आउटलेट होंगे।

4. वित्त वर्ष 2017-18 के लिए प्रत्यक्ष कर संग्रह कितना रहा ____ **9.95 लाख करोड़ रुपए।**

नोट:
- वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान कर संग्रह 9.80 लाख करोड़ रुपये के अनुमानित बजट से अधिक है।
- पिछले वित्त वर्ष के दौरान 6.84 करोड़ आयकर रिटर्न दाखिल किए गए, जबकि वर्ष 2016-17 (26% की वृद्धि) में 5.43 करोड़ रिटर्न दाखिल किए गए थे।



5. कतर स्थित किस बैंक ने अपनी पहली शाखा का उद्घाटन चेन्नई में किया ____ **दोहा बैंक।**

नोट:

- अब देश में बैंक की कुल तीन शाखाएं (इससे पहले मुंबई, कोच्ची) हैं।
- चेन्नई की शाखा कॉर्पोरेट, खुदरा, निधि, व्यापार, वित्त और विदेशी मुद्रा सेवाओं सहित कई सेवाओं की पेशकश के माध्यम से भारत में बैंक के बढ़ते ग्राहक आधार को संभालने में सहायता करेगी।
- दोहा बैंक कतर राज्य के सबसे बड़े वाणिज्यिक बैंकों में से एक है।

6. भारत में सौर उपकरणों के उत्पादन और विक्रय के लिए चीन के ऊर्जा समूह **'गोल्डन कॉन्कॉर्ड'** (जी.सी.एल) के साथ 930 मिलियन डॉलर के समझौते पर हस्ताक्षर किसने किए____ **सॉफ्ट बैंक।**

नोट:

- जी.सी.एल संयुक्त उद्यम में 40% हिस्सेदारी के साथ निवेश करेगा और शेष हिस्सा सॉफ्ट बैंक का होगा।
- इस परियोजना की क्षमता 4 गीगावाट होगी और इसमें सौर सिल्लियां, सिलिकॉन वेफर्स, बैटरी, और अन्य घटकों का उत्पादन होगा।

7. भारतीय रिजर्व बैंक ने भारत में कारोबार प्रारंभ करने के लिए किस छठे पेमेंट बैंक को लाइसेंस जारी किया है ___ **जियो पेमेंट बैंक लिमिटेड।**

नोट:

- पेमेंट बैंक एक विभेदित बैंक है जो मांग जमा स्वीकार करने और धनराशि के प्रेषण जैसे सीमित मात्रा में उत्पाद प्रदान करता है।
- जियो पेमेंट बैंक लिमिटेड अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और भारत के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक के बीच 70-30 की साझेदारी में संयुक्त उपक्रम है।

8. एस.बी.आई जीवन बीमा ने नए प्रबंध निदेशक (एम.डी) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) का नियुक्त किया ___ **संजीव नौटियाल।**

नोट:

- नौटियाल ने अरिजीत बसु की जगह ली, जिन्होंने भारतीय स्टेट बैंक समूह में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

9. किस बैंक ने एक 'सोशल पे' नाम की सेवा शुरू करने की घोषणा की है___ **आई.सी.आई.सी.आई बैंक।**

नोट:

- बैंक प्रवासी भारतीयों (एन.आर.आई) को भारत में अपने लाभार्थी को व्हाट्सऐप और ई-मेल जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग करके पैसा भेजने में सक्षम बनाता है।
- 'सोशल पे' सेवा बैंक के प्रेषण ऐप 'मनी 2 इंडिया' (एम2आई) पर उपलब्ध है।
- यह नई सुविधा एन.आर.आई लोगों को अपने मित्रों और परिवारों को आसानी से पैसा भेजने में सक्षम बनाती है।

10. भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, देश का विदेशी मुद्रा भंडार जीवनकाल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया___ **424.361 बिलियन अमेरिकी डॉलर।**

नोट:

- इससे पहले, 9 फरवरी को भंडार 421.914 बिलियन डॉलर के रिकॉर्ड उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था।



- विदेशी मुद्रा भंडार एक केंद्रीय बैंक द्वारा विदेशी मुद्राओं में रखी गई आरक्षित परिसंपत्तियां होती हैं, जिसे बैंक अपने द्वारा जारी मुद्रा पर देनदारियों के साथ-साथ मौद्रिक नीति को प्रभावित करने के लिए उपयोग करता है।

महत्वपूर्ण दिवस

1. 'विश्व आत्मकेंद्रित जागरूकता दिवस' दुनिया भर में मनाया गया___**2 अप्रैल।**

नोट:

- यह दिवस दुनिया भर में आत्मकेंद्रित लोगों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है।
- वर्ष 2018 के लिए इस दिवस का विषय "महिलाओं और लड़कियों को आत्मकेंद्रण के साथ सशक्त बनाना" (Empowering Women and Girls with Autism) है।
- आत्मकेंद्रण एक आजीवन चलने वाली विकास संबंधी अक्षमता है जो एक व्यक्ति दूसरे लोगों के साथ कैसे संपर्क बनाता है और उनसे कैसे संबंध रखता है और अपने आसपास की दुनिया का कैसे अनुभव करता है, को प्रभावित करती है।

2. भारत का राष्ट्रीय समुद्री दिवस कब मनाया गया ___**5 अप्रैल।**

नोट:

- इस दिन, देश के समस्त विकास के लिए समुद्री क्षेत्र के महत्व के साथ-साथ समुद्री मार्ग के महत्व पर स्थायी विश्वास को नवीनीकृत किया जाता है।
- वर्ष 2018 में, इस दिवस का विषय 'भारतीय नौपरिवहन - अवसर का महासागर' (Indian Shipping - An Ocean of opportunity) है।

3. संयुक्त राष्ट्र (यू.एन) का **अंतर्राष्ट्रीय खेल विकास एवं शांति दिवस** (आई.डी.एस.डी.पी) दुनिया भर में मनाया गया___**6 अप्रैल।**

नोट:

- यह दिवस वर्ष 2014 से प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है।
- यह दिवस वर्ष 1896 में एथेंस (ग्रीस) में हुए आधुनिक युग के पहले ओलंपिक खेलों की शुरुआत की याद दिलाता है।

4. 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' हर वर्ष मनाया जाने वाला वैश्विक स्वास्थ्य जागरुकता दिवस है ___**7 अप्रैल।**

नोट:

- यह दिवस विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यू.एच.ओ) की स्थापना की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।
- इस वर्ष के विश्व स्वास्थ्य दिवस की टैगलाइन "विश्वव्यापी स्वास्थ्य सुरक्षा: हर कोई, हर जगह" (Universal Health Coverage: everyone, everywhere) है।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यू.एच.ओ) अंतर्राष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य से संबंधित संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी है।



नयी नियुक्तियाँ

1. NASSCOM (नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विस कंपनी) की नई अध्यक्ष___ **देबजानी घोष।**

नोट:

- उन्होंने **आर. चंद्रशेखर** की जगह ली।
- देबजानी NASSCOM की **पहली महिला अध्यक्ष** हैं।
- NASSCOM 2100 से अधिक सदस्यों के साथ, भारत में आई.टी-बी.पी.एम उद्योगों का प्रमुख व्यापार निकाय और वाणिज्य संगठन है।

2. संयुक्त राष्ट्र के राजनीतिक मामलों की प्रमुख बनने वाली पहली महिला अमेरिकी राजनयिक___ **रोज़मैरी डि कार्लो।**

नोट:

- दुनिया भर में संघर्ष को खत्म करने के संयुक्त राष्ट्र के प्रयासों को देखते हुए वह जेफ्री फेल्टमैन की जगह लेंगी।

3. केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सी.बी.एस.ई) की परीक्षाओं की संचालन प्रक्रिया की जांच करने के लिए किस पूर्व एच.आर.डी सचिव की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति का गठन हुआ___ **वी.एस. ओबेरॉय।**

नोट:

- समिति प्रौद्योगिकी के उपयोग के माध्यम से इस प्रक्रिया को सुरक्षित और सरल बनाने के उपायों पर सुझाव प्रस्तुत करेगी।
- समिति अगले महीने की 31 तारीख तक रिपोर्ट पेश करेगी।
- यह कदम कक्षा 10 के गणित और कक्षा 12 के अर्थशास्त्र के प्रश्न पत्र के लीक होने के बाद उठाया गया।

4. सिएरा लियोन के किस पूर्व सैन्य नेता ने देश के नए राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली___ **जूलियस मादा बिओ।**

नोट:

- बिओ ने शनिवार के मतदान में वैध वोटों के 51.8 प्रतिशत मत प्राप्त किए।
- सिएरा लियोन अटलांटिक महासागर में स्थित एक पश्चिम अफ्रीकी देश है, जो फ्रीटाउन प्रायद्वीप के सफ़ेद रेतीय समुद्र तटों के लिए प्रसिद्ध है।

5. चार वर्ष के लिए बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बी.ए.आई) के अध्यक्ष के रूप में सर्वसम्मति से किसे चुना गया ___ **हेमंत बिस्वा सरमा।**

नोट:

- सरमा ने अखिलेश दास गुप्ता के निधन के बाद पिछले वर्ष अंतरिम बी.ए.आई अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया था।
- बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बी.ए.आई) वर्ष 1934 में स्थापित भारत में बैडमिंटन का शासी निकाय है।



महत्वपूर्ण समाचार – भारत

1. भारत किस देश को प्रतिस्थापित करके वर्ष 2017 में मोबाइल फोन का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक बना___ **वियतनाम।**

नोट:

- इंडियन सेल्युलर एसोसिएशन के आंकड़ों के अनुसार, भारत में मोबाइल फोन का वार्षिक उत्पादन वैश्विक स्तर पर 11% बढ़कर 3 मिलियन यूनिट (वर्ष 2014 में) से 11 मिलियन यूनिट (वर्ष 2017 में) हो गया।
- शीर्ष तीन मोबाइल उत्पादक देश चीन, भारत और वियतनाम हैं।

2. एशिया का सबसे बड़ा पारिस्थितिकी स्टार्टअप सम्मेलन 'हडल केरल' कहां आयोजित किया जाएगा ___ **कोवलम।**

नोट:

- यह अपने उत्पादों को शामिल करने और दुनिया भर के प्रौद्योगिकी एवं औद्योगिक नेताओं की एक विस्तृत श्रृंखला के साथ बातचीत करने का स्टार्टअप मंच होगा।
- तीन दिवसीय सम्मेलन का आयोजन इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आई.ए.एम.ए.आई) और आई.ए.एम.ए.आई स्टार्टअप फाउंडेशन के सहयोग से **केरल स्टार्टअप मिशन** (के.एस.यू.एम) द्वारा किया जाएगा।

3. उच्च शैक्षणिक संस्थानों के लिए इंडिया रैंकिंग 2018 जारी करके संस्थानों को राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एन.आई.आर.एफ) के तहत पुरस्कार किसने प्रदान किए____ **प्रकाश जावड़ेकर।**

नोट:

- इस रैंकिंग के पीछे का विचार 9 श्रेणियों में भाग लेने वाले 2809 संस्थानों की शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ावा देना है।

4. निर्यात में आसानी के लिए नई दिल्ली में डिजिटल पहल की शुरुआत किसने की ____ **सुरेश प्रभु।**

नोट:

- यह कुशल मूल्यांकन, गुणवत्ता की निगरानी और ट्रेसेबिलिटी के जरिये निर्यात व्यापार में प्रवेश करने के लिए डिजिटल भारत की दिशा में एक प्रमुख कदम है।
- केंद्रीय मंत्री ने तीन एकीकृत डिजिटल पोर्टल, अर्थात 'सेफ फूड एक्सपोर्ट ट्रेसबिलिटी पोर्टल', 'वन लेबोरेटरी वन एसेस्मेंट पोर्टल' और 'मॉनीटरिंग एक्सपोर्ट एलर्ट पोर्टल' का शुभारंभ किया।
- पोर्टल सभी नियामकों, मान्यता प्राप्त निकायों और अन्य शेयरधारकों को एक साथ एक स्थान पर लाएंगे।

5. **भारतीय-कोरियाई तट रक्षकों** के बीच चेन्नई तट पर किस एंटी-पाइरेसी, खोज और बचाव अभ्यास का आयोजन किया गया ___ **SAHYOG- HYEOBLYEOG 2018।**

नोट:

- भारतीय तटरक्षक बल के जहाज और कोरियाई पोतों ने चेन्नई तट पर रणनीतिक युद्धाभ्यास करने और समद्री डकैती का मुकाबला करने और समुद्री कानून प्रवर्तन के लिए अभ्यास किया।
- कोरियाई तटरक्षक दल **'बदारो'** (BADARO) ने युद्धाभ्यास में भाग लिया।

6. केंद्रीय रेल एवं कोयला मंत्री श्री पीयूष गोयल ने कोयले की गुणवत्ता की निगरानी के लिए किस ऐप को लॉन्च किया___ **उत्तम ऐप।**

नोट:



- उत्तम ऐप कोयला मंत्रालय और कोल इंडिया लिमिटेड (सी.आई.एल) द्वारा विकसित किया गया है, जिसका उद्देश्य सभी सी.आई.एल सहायक कंपनियों में कोयले के तीसरे पक्ष के नमूने की प्रक्रिया पर निगरानी रखने के लिए सभी नागरिकों और कोयला उपभोक्ताओं को एक ऐप प्रदान करना है।
- उत्तम ऐप कोयला पारिस्थितिकी तंत्र में जवाबदेही, पारदर्शिता, प्रभावशीलता और दक्षता सुनिश्चित करता है।

7. नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एन.आई.आर.एफ -2018) में सर्वश्रेष्ठ भारतीय विश्वविद्यालय का दर्जा हासिल करने वाला भारतीय संस्थान_____ **इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस, बेंगलुरु।**

राज्य समाचार

1. किस राज्य सरकार ने 1500 करोड़ रुपये के बजटीय आवंटन के साथ आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से आने वाली लड़कियों के विवाह हेतु सहायता प्रदान करने के लिए एक नई योजना 'रूपश्री' आरंभ की है___ **पश्चिम बंगाल।**

नोट:

- इस योजना के तहत उस लड़की के परिवार को 25,000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करने का प्रस्ताव है, जिनकी वार्षिक आय 1.5 लाख रुपये है।
- मौद्रिक सहायता लड़की के 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने के बाद शादी के समय प्रदान की जाएगी।
- राज्य सरकार ने इससे पहले महिलाओं में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए **'कन्याश्री योजना'** नामक एक योजना शुरू की थी, लेकिन रुपश्री योजना में शादी की सहायता से इसे पूरक किया गया है।

2. चुनाव आयोग ने कहां पर विधानसभा चुनाव के दौरान महिला मतदाताओं के सशक्तिकरण और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए 450 सखी गुलाबी मतदान केंद्र स्थापित करने का निर्णय लिया है___ **कर्नाटक।**

नोट:

- मतदान केंद्रों का संचालन पूर्णतया महिला कर्मचारियों द्वारा होगा, जिनमें पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी, सूक्ष्म पर्यवेक्षक और सुरक्षा कर्मियों को शामिल किया जाएगा।
- गुलाबी मतदान केंद्र उन क्षेत्रों में खोले जाएंगे जहां महिला आबादी पुरुष मतदाताओं से अधिक है।

3. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री 'योगी आदित्यनाथ' ने कहां पर आयोजित एक समारोह में 'गंगा हरीतिमा योजना' का शुभारंभ किया_____ **इलाहाबाद।**

नोट:

- गंगा हरीतिमा योजना (गंगा हरियाली योजना) गंगा नदी के तट पर स्थित राज्य के 27 जिलों में शुरू की जा रही है।
- योजनाओं के उद्देश्यों में गंगा नदी जल क्षेत्र में हरियाली को बढ़ाना और भूमि के कटाव को नियंत्रित करना शामिल हैं।



महत्वपूर्ण समाचार – विश्व

1. सुअर के मांस (जमा हुआ) और शराब सहित 128 अमेरिकी उत्पादों का शुल्क 25% तक बढ़ाने वाला देश____**चीन।**

नोट:

- लगभग तीन बिलियन अमेरिकी डॉलर के निर्यात को प्रभावित करने वाले टैरिफ से चीन को लाभ होगा और नए अमेरिकी टैरिफ के कारण हुए नुकसान की भरपाई होगी।
- इस शुल्क का उद्देश्य इस्पात और एल्युमीनियम के आयात पर केंद्रित था, जो अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा था।

2. केंद्रीय विदेश मंत्री सुषमा स्वराज 18 वें गुट निरपेक्ष आंदोलन (एन.ए.एम) की तीन दिवसीय मध्य-अवधि की मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लेने कहां गई____ **अज़रबैंजान।**

नोट:

- गुट-निरपेक्ष आंदोलन (Non-Aligned Movement (NAM)) उन राज्यों का एक समूह है जो किसी भी प्रमुख शक्ति समूह के साथ या उसके विरुद्ध औपचारिक रूप से नहीं जुड़े हैं।

3. श्रीलंका के किस प्रधान मंत्री ने संसद में हुए मतदान में उनके खिलाफ पेश अविश्वास प्रस्ताव में जीत हासिल की____ **रानिल विक्रमसिंघे।**

नोट:

- संसद में (225 सदस्यीय), 122 सदस्यों ने प्रस्ताव के खिलाफ वोट किया, जबकि 76 ने प्रस्ताव के पक्ष में वोट दिया।
- यह प्रस्ताव विपक्ष पार्टी द्वारा लाया गया जिसमें उन्होंने प्रधान मंत्री की पार्टी के बॉन्ड घोटाले में भागीदार होने का आरोप लगाया था।

4. गुट-निरपेक्ष आंदोलन (एन.ए.एम) की मध्य-अवधि के मंत्रिस्तरीय सम्मेलन 2018 की मेजबानी करने वाला देश ___ **अज़रबैजान।**

नोट:

- भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज करेंगी।
- गुट-निरपेक्ष आंदोलन में 120 राष्ट्र शामिल हैं। एन.ए.एम में 17 राष्ट्र और 10 अंतर्राष्ट्रीय संगठन पर्यवेक्षक के पद पर हैं।

5. महिलाओं के लिए पहली बार राष्ट्रीय सेवा शुरू करने वाला देश ___ **कतर।**

नोट:

- 18 वर्ष से अधिक आयु के महिलाएं स्वैच्छिक रुप से राष्ट्रीय सेवा कर सकती हैं जो तत्काल प्रभाव से लागू होगी।
- अब, पुरुष सैन्य सेवा में तीन महीने के बजाय एक वर्ष की सेवा करेंगे।
- कतर देश के 18 से 35 वर्ष तक के प्रत्येक पुरुष को अनिवार्य रुप से सैन्य सेवा करने की आवश्यकता होती है, जबकि महिलाओं के लिए राष्ट्रीय सेवा स्वैच्छिक है।



श्रद्धांजलियां

1. किस अनुभवी तमिल फिल्म निर्देशक का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया___ **सी.वी. राजेंद्रन।**

नोट:

- श्री राजेंद्रन ने शिवाजी गणेशन, जयशंकर, रजनीकांत और कमल हसन जैसी कई बड़ी हस्तियों के साथ काम किया था।
- उनके द्वारा निर्देशित पहली फिल्म वर्ष 1967 में आर. मुथुरामन अभिनीत तमिल फिल्म अनुभवम पूधुमाई थी।
- राजेंद्रन दो फिल्मों, वियतनाम कालोनी (वर्ष 1994) और वन्स मोर (वर्ष 1997) के निर्माता भी रहे।

2. ग्वाटेमाला के पूर्व तानाशाह का आवास पर निधन हो गया___ **रियोस मोंट।**

नोट:

- श्री मोंट ने वर्ष 1982 और वर्ष 1983 के बीच ग्वाटेमाला में शासन किया और उनकी सैन्य सरकार ने बड़े पैमाने पर मानवाधिकारों का उल्लंघन किया और किसान-वर्ग के बीच आतंकवादी विद्रोह की दहशत फैलाई।
- रियोस मोंट को ग्वाटेमाला में 1771 स्वदेशी इक्सिल-माया लोगों की हत्या के लिए जिम्मेदार ठहराया गया था।

3. दक्षिण अफ्रीका के भूतपूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला की पूर्व पत्नी का जोहान्सबर्ग में निधन ___ **विनी मंडेला।**

नोट:

- वह विवाह के 38 वर्ष बाद तक नेल्सन मंडेला के साथ रहीं और उन्होंने श्वेत-अल्पसंख्यक शासन को समाप्त करने के अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- वह **अफ्रीकी नेशनल कांग्रेस** (ए.एन.सी) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति में सेवा की और इसकी महिला लीग का नेतृत्व किया।

4. किस मलयालम अभिनेता का एक निजी अस्पताल में निधन हो गया ___ **कोल्लम अजिथ।**

नोट:

- अजीत ने 500 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया था।
- वह मलयालम फिल्मों में अपनी खलनायक भूमिकाओं के लिए जाने जाते थे।

5. द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम (द्रमुक) के किस अनुभवी नेता का तमिलनाडु में निधन हो गया ___ **एस. माधवन।**

नोट:

- उन्होंने दिवंगत सी.एन. अन्नादुरई और एम. करुणानिधि के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडलों में कार्य किया था।

खेल समाचार

1. प्रीमियर घरेलू फुटबॉल टूर्नामेंट 'संतोष ट्रॉफी' का 72 वां संस्करण किसने जीता ___ **केरल।**

नोट:

- **केरल** ने कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में आयोजित फाइनल मुकाबले में पेनल्टी शूटऑउट (अतिरिक्त समय के बाद 2-2 से बराबर) के माध्यम से 32 बार की विजेता बंगाल को हराया।



- केरल के गोलकीपर **वी. मिथुन** ने अपनी टीम को 4-2 से जीत दिलाने के लिए टाई ब्रेकर में शानदार प्रदर्शन किया।
- संतोष ट्रॉफी वर्ष 1941 में प्रारंभ हुआ एक वार्षिक भारतीय फुटबॉल टूर्नामेंट है।

2. मियामी ओपन 2018 जीतने वाले अमेरिकी पेशेवर टेनिस खिलाड़ी ___ **जॉन इस्नर।**

नोट:

- उन्होंने अमेरिका के फ्लोरिडा स्थित बिस्केन के क्रैडन पार्क में आयोजित फाइनल में अलेक्जेंडर ज्वेरेव (जर्मनी) को 6-7(4-7), 6-4, 6-4 से हराया।
- मियामी ओपन 2018, आउटडोर हार्ड कोर्ट में खेला गया एक पेशेवर पुरुष एवं महिला टेनिस टूर्नामेंट है।

3. हैदराबाद में वर्ष 2017 के लिए तेलंगाना स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन के वार्षिक पुरस्कारों में 'द स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ द ईयर' किसे चुना गया___ **मिताली राज।**

नोट:

- बैडमिंटन खिलाड़ी 'किदंबी श्रीकांत' ने सर्वश्रेष्ठ वरिष्ठ पुरुष एथिलीट और 'पी. वी. सिंधु' ने सर्वश्रेष्ठ महिला एथलीट का पुरस्कार प्राप्त किया।
- पूर्व भारतीय क्रिकेटर वी. वी. लक्ष्मण ने गोपीचंद (दूसरी बार) को वर्ष के सर्वश्रेष्ठ कोच का पुरस्कार दिया।
- 'तीन बार के ओलंपिक खिलाड़ी' और पूर्व राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी 'एन. मुकेश कुमार' को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

4. आंध्र प्रदेश सरकार के डिप्टी कलेक्टर के रूप में नियुक्त किए जाने वाले भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ___ **किदांबी श्रीकांत।**

नोट:

- इससे पहले, श्रीकांत प्रतिष्ठित पद्म श्री पुरस्कार प्राप्त करने वाले भारत के दूसरा सबसे युवा खिलाड़ी (पी.वी. सिंधु के बाद) बने थे।

5. 21 वें राष्ट्रमंडल खेल 2018 कहां पर स्थित गोल्ड कोस्ट में आरंभ हुए ___ **ऑस्ट्रेलिया।**

नोट:

- राष्ट्रमंडल खेल में 71 देशों और राष्ट्रों के 4500 से अधिक एथलीट 275 स्वर्ण पदकों के लिए मुकाबला करेंगे।
- ओलंपिक रजत पदक विजेता **पी. वी. सिंधु** की अगुवाई वाले 200 से अधिक एथलीटों के एक दल ने उद्घाटन समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व किया है।
- यह पांचवी बार है जब ऑस्ट्रेलिया राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी कर रहा है।

6. गोल्ड कोस्ट में जारी 21 वें राष्ट्रमंडल खेलों में 48 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय भारोत्तोलक ____ **मीराबाई चानू।**

नोट:

- चानू (मणिपुर की निवासी) ने कुल 196 किलोग्राम का वजन उठाकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया।
- वह राष्ट्रमंडल खेल 2018 में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनीं।

7. राज किशोर, जिनका हाल ही में निधन हो गया, किस उद्योग से जुड़े थे___ **फिल्म उद्योग।**

नोट:

- उन्होंने रमेश सिप्पी निर्देशित "शोले" में एक कैदी की भूमिका निभाई थी।



8. गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेलों के 56 किलोग्राम वर्ग में कुल 249 किलोग्राम का वजन उठाकर रजत पदक जीतने वाले भारतीय भारोत्तोलक __ **पी. गुरुराजा।**

नोट:

- इस वर्ग में स्वर्ण पदक इज़हार अहमद (मलेशिया) को मिला, जिन्होंने कुल 261 किलोग्राम वजन उठाया।
- कांस्य पदक श्रीलंका के चातुरंगा लकमल को मिला।

----------0----------

gradeup





बैंकिंग, एसएससी, गेट, सीटीईटी, जेईई एवं अन्य प्रवेश परीक्षाएं

- नवीनतम परीक्षा पैटर्न पर आधारित
- हिंदी और अंग्रेजी में उपलब्ध है
- अखिल भारतीय रैंक और परिणाम विश्लेषण प्राप्त करें
- विस्तृत समाधान

ANDROID APP ON Google play